# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज

श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय
(बि०शि०से० प्रशासन)
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।

पिन कोड– 841428
मो०- +91 8544411336
E-mail :deogopalganj.edn@gmail.com

पत्रांक 1081 /

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
गोपालगंज।

सेवा में,

सभी शिक्षक / प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक,
गोपालगंज।

गोपालगंज, दिनांक 22-08-2026

विषय : **शिक्षक दिवस, 05 सितम्बर 2026 के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान–2026 हेतु रजिस्ट्रेशन के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य का निर्माता, विद्यालय का नेतृत्वकर्ता तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक होता है। जिले के अनेक शिक्षक अपने नियमित शिक्षण दायित्वों से आगे बढ़कर नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की उपलब्धि, डिजिटल एवं AI आधारित शिक्षण, शिक्षण–अधिगम सामग्री (TLM), विद्यालय विकास, सामुदायिक सहभागिता, बालिका शिक्षा, मार्गदर्शन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

ऐसे उत्कृष्ट एवं समर्पित शिक्षकों के कार्यों को चिन्हित करने, प्रोत्साहित करने तथा सम्मानित करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस, 05 सितम्बर 2026 के अवसर पर शिक्षा विभाग, गोपालगंज द्वारा **"जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान–2026"** आयोजित किया जा रहा है।

इस हेतु जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यरत योग्य एवं इच्छुक शिक्षक / शिक्षिकाओं से रजिस्ट्रेशन आमंत्रित किया जाता है।

नामांकन प्रक्रिया ऑनलाइन Google Form के माध्यम से होगी। चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रमाण–आधारित रखा जाएगा। नामांकन के दौरान शिक्षक अपने कार्यों एवं उपलब्धियों से संबंधित सत्यापन योग्य प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे। प्रस्तुत विवरण एवं प्रमाणों का आवश्यकतानुसार संबंधित स्तर पर सत्यापन किया जा सकता है।

सभी प्रधानाध्यापक / प्रधान शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उक्त सूचना विद्यालय के सभी शिक्षकों तक पहुँचाई जाए तथा इच्छुक एवं योग्य शिक्षक / शिक्षिकाओं को निर्धारित समय–सीमा के अंदर रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि : 01 सितम्बर 2026

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हेतु Google Form Link : https://tinyurl.com/ms8krzjp

QR Code:

विश्वासभाजन
22.08.2026
जिला शिक्षा पदाधिकारी
गोपालगंज।

AO
22/8/26



Scanned with OKEN Scanner